आईआईएम • जिन्होंने विकास की नई परिभाषा लिखी, दुनिया को बदल दिया, वैसे लोगों को पढ़ें : हरिवंश

12वें दीक्षांत समारोह में 542 छात्रों को दी गई डिग्री, चार प्रोग्राम के 12 मेडलिस्ट में 4 छात्राएं और 8 छात्र शामिल

सिटी रिपोर्टर | रांची

जिन लोगों ने विकास की नई परिभाषा लिखी, जिन्होंने दुनिया को बदल दिया वैसे लोगों को जरूर पढ़ें। कितने परेशानियों के बीच रास्ता बनाया है इसको जानें। आपको अपने जीवन में चुनौती के बीच रास्त नजर आएगा। पहले आइडिया से दुनिया में परिवर्तन लाए, अब टेक्नोलॉजी ने तेजी से दुनिया को बदल दिया है। आज सबसे गंभीर बहस चल रही है कि मनुष्य मशीन पर शासन करेगा या मशीन मनुष्य को चलेगा। आने वाले समय में जॉब भारी मात्रा में बढेंगे, पुराने जॉब उस स्वरूप में नहीं रहने वाले। जीवन में हमेशा मूल्यों पर चलें। ट्राइबल कल्चर काफी अलग है, आप इसका अध्ययन कर काफी कुछ सीख सकते हैं। ये बातें राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कही। मौका था आईआईएम रांची के 12वें दीक्षांत समारोह का। आईआईएम रांची के चेयरमैन बोर्ड ऑफ गवर्नर्स प्रवीण शंकर पांड्या, डायरेक्टर दीपक कुमार श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। सत्र 2021-23 के कुल 542 छात्रों को डिग्री मिली। एमबीए प्रोग्राम के 396 स्टूडेंट्स, एमबीए-ह्यूमन रिसोर्स के 69, एमबीए-बिजनेस एनालिटिक्स के 34, एग्जीक्यूटिव एमबीए के 37, पीएचडी के 3 व एग्जीक्यूटिव पीएचडी के 3 छात्र शामिल रहे। प्रवीण शंकर पांड्या ने अपने संबोधन में कहा कि यह आपका समय है। अपने देश व समाज के विकास में आपको महत्वपूर्ण योगदान देना है।

स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट कोर्स के टॉपर कुणाल जोशी को प्रो. आशीष हजेला मेमोरियल अवॉर्ड मिला

आईआईएम के 12वें दीक्षांत समारोह में हरिवंश मुख्य अतिथि थे।

एमएबीए का एवरेज पैकेज 17.3 लाख रुपए, एचआर में 16.3 लाख रु. सालाना

डायरेक्टर प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि पिछला साल चैलेंज व उत्साह से भरा रहा। प्रधानमंत्री के मन की बात के 100 एपिसोड पर अध्ययन शुरू किया गया। ह्यूमन कनेक्ट कार्यक्रम की शुरूआत हुई। स्कूली छात्रों के लिए यंग चेंजमेकर्स प्रोग्राम की शुरूआत हुई। 2021-23 बैच के छात्रों का सफलता पूर्वक प्लेसमेंट पूरा हुआ। इसमें एमबीए में एवरेज पैकेज 17.3 लाख रुपए सलाना, एमबीए एचआर में एवरेज पैकेज 16.3 लाख रुपए सलाना और एमबीए बीए में एवरेज पैकेज 16.4 लाख रुपए प्राप्त हुआ।

इन्हें मिला मेडल

दीक्षांत समारोह में टॉप थ्री रैंक होल्डर को मेडल देकर सम्मानित किया गया। पहला रैंक प्राप्त करने वाले छात्र को बोर्ड ऑफ गवर्नर्स चेयरमैन मेडल, दूसरे स्थान वाले को डायरेक्टर्स मेडल व तीसरे स्थान वाले को प्रोग्राम चेयरपर्सन मेडल दिए गए। एमबीए में पहला रैंक अशिक आनंद, दूसरा हर्षवर्धन नगेलिया, तीसरा पल्लवी को प्राप्त हुआ। एमबीए एचआरएम में फर्स्ट रैंक पल्लवी सिंह, सेकंड साक्षी रंका, थर्ड चिन्मय झा को मिला। एमबीए बिजनेस एनालिटिक्स में फर्स्ट रैंक सतीश रविशंकर, द्वितीय अरित्र, तृतीय श्रेयांश को मिला। एमबीए एक्जीक्यूटिव में फर्स्ट रोहित, सेकेंड दिप्रव व थर्ड अदिति को मिला।

टॉपर्स से बातचीत

कॉलेज का एक्सपीरियंस काफी अच्छा रहा। यहां से बिजनेस माइंडसेट विकसित हुआ, जिससे चीजों को परख पा रहा हूं। उनका प्लेसमेंट आईसीआईसीआई मुंबई में प्रोडक्ट मैनेजर के रूप में हुआ है। **-अशीक आनंद,** एमबीए

संस्थान में काफी कुछ सीखने को मिला। सबका सहयोग मिला। स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत यूरोप भी जाने का अवसर प्राप्त हुआ, जो काफी अच्छा अनुभव था। वे अभी मर्सर कंपनी में कार्यरत हैं। **-पल्लवी घोष,** एमबीए एचआरएम

विभिन्न राज्यों से आए दोस्तों से बहुत सीखने का अवसर मिला। शिक्षकों ने हमेशा सहयोग किया। उनका प्लेसमेंट अमेरिकन एक्सप्रेस में एडवांस्ड एनालिटिक्स के रूप में हुआ है। **-सतीश रविशंकर,** एमबीए बीए

Dainik Bhaskar_02.07.2023_Pg. 04